छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

जुलाई-अगस्त 2022 | वर्ष-19 | अंक - 04



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

जुलाई-अगस्त 2022 | वर्ष-19 | अंक - 04

## संरक्षक



**श्री अंकित आनंद (IAS)**
अध्यक्ष



**श्री एन. के. बिजौरा**
प्रबंध निदेशक
(जनरेशन)



**श्रीमती उज्जवला बघेल**
प्रबंध निदेशक
(ट्रांसमिशन)



**श्री मनोज खरे**
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन)

**संपादक**

**गोविंद पटेल**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

सह संपादक : अनामिका मण्डावी

छाया : संजय टेम्बे, सहयोग : प्रसन्न दुबे

▪ फोन: 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com



# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवम्बर 2000 | जुलाई 2022 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2840 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.7 मेगावॉट |
| कुल ताप , जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2978.7 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | ....... | 1618.7 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्रों की संख्या | 27 नग | 129 नग |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्र | 5205 सर्किट कि मी | 13617 सर्किट कि मी |
| 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या | 248 नग | 1333 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि मी | 23863 सर्किट कि मी |
| 11/04 केव्ही उपकेन्द्र की संख्या | 29692 नग | 205760 नग |
| 11 केव्ही लाईनों की लम्बाई | 40556 कि .मी | 126727 कि .मी |
| निम्नदाब लाइनों की लम्बाई | 51314 कि .मी | 217767 कि .मी |
| निम्नदाब उपभोक्ताओं की संख्या | 1890998 | 6055579 |
| उच्चदाब उपभोक्ताओं की संख्या | 530 | 3427 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्रावधिक) | 73369 | 497228 |



# मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दिए 1320 मेगावाट के नए बिजली संयंत्र की स्थापना के निर्देश

छत्तीसगढ़ में 1320 मेगावाट के नए बिजली संयंत्र की स्थापना के निर्देश माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दिए हैं। यह छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का सबसे बड़ा और सबसे आधुनिक संयंत्र होगा। इसकी स्थापना से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के स्वयं की विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 4300 मेगावाट हो जाएगी। राज्य स्थापना के बाद पहली बार इतनी क्षमता का विद्युत संयंत्र स्थापित किया जाएगा।




मुख्यमंत्री ने अपने निवास में पॉवर कंपनियों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें भविष्य में विद्युत की मांग की आपूर्ति के लिए आवश्यक विद्युत उपलब्धता की समीक्षा की गई। वर्ष 2030-31 तक अपेक्षित विद्युत मांग में वृद्धि की आपूर्ति हेतु नवीन विद्युत संयंत्र की आवश्यकता होगी ।

माननीय मुख्यमंत्री ने राज्य की विद्युत उत्पादन कंपनी को कोरबा पश्चिम में उपलब्ध भूमि पर 2x660 मेगावॉट सुपर क्रिटीकल नवीन विद्युत उत्पादन संयंत्र की स्थापना हेतु समुचित कार्रवाई के निर्देश दिये। विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा ने बताया कि यह सुपर क्रिटिकल संयंत्र अत्याधुनिक तकनीक से स्थापित की जाएगी। इससे एक ओर बिजली की उपलब्ध सुनिश्चित होगी, वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

उन्होंनें बताया कि कोरबा पश्चिम में संयंत्र स्थापना हेतु स्वयं की भूमि उपलब्ध है । साथ ही अपेक्षित परियोजना स्थल पर कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान चलित उत्पादन संयंत्रों के लिए कंवेयर बेल्ट की सुविधा भी उपलब्ध है। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश उपरांत संयंत्र स्थापना के लिए आवश्यक स्वीकृतियां, कोयला आबंटन, जल आबंटन सहित विस्तृत डी.पी. आर इत्यादि तैयार करने का कार्य विद्युत उत्पादन कंपनी व्दारा त्वरित गति से किया जाएगा। जिससे वर्ष 2030-31 तक अपेक्षित विद्यत आपूर्ति संभव हो सके। कन्वेयर बेल्ट से कोयला उपलब्धता, स्वयं की भूमि उपलब्धता तथा सुपर क्रिटिकल प्लांट होने के कारण नवीन प्रस्तावित विद्युत संयंत्र से उत्पादित विद्युत की दर सस्ती होने का अनुमान है। नए उत्पादन संयंत्र की स्थापना से स्थानीय रोजगार का विकास भी संभव होगा ।



## पॉवर कंपनी मुख्यालय में चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने फहराया तिरंगा

# एक साल में 35 हजार पम्पों को ऊर्जीकृत करने का कीर्तिमान

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कपनी मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में पॉवर कम्पनी के अध्यक्ष श्री अंकित आनंद (IAS) ने ध्वजारोहण किया एवं सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के सिपाहियों व्दारा प्रस्तुत परेड की सलामी ली। इस अवसर पर देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर प्रदेश की कृषि पम्पों को स्थायी कनेक्शन दिया गया। एक साल के दौरान 35 हजार से अधिक कृषि पम्पों को ऊर्जीकृत किया गया। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। यह कार्य वितरण, जनरेशन एवं ट्रांसमिशन के बेहतर समन्वय में हो सका।

इस दौरान उन्होंने पॉवर कंपनी के 13 उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित किया। समारोह में पॉवर के प्रबंध निदेशकगण श्री एन.के.बिजौरा, श्रीमती उज्जवला बघेल, श्री मनोज खरे, महाप्रबंधक श्री के.के. भौरासे, मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमान्डर श्री ए. श्रीनिवास राव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री अंकित आनंद ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के मंशानुरूप कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा नीति में व्यापक सुधार किये गये हैं। इससे दूरस्थ अंचल के कर्मियों को भी अब बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल पाएगी साथ ही जल्द ही ग्रुप कैशलेस हेल्थ इंश्योरेन्स पर निर्णय लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि हाफ बिजली बिल योजना से अब तक 41 लाख उपभोक्ताओं को 2500 करोड़ रू. की छूट दी जा चुकी है। उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बेहतर सुविधा प्रदान करने मोर बिजली एप कारगर साबित हुआ है। पॉवर कंपनी में जूनियर इंजीनियर के 307 पदों पर चयन सूची जारी कर दी गई है, तथा डाटा एंट्री आपरेटर के 400 पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इससे पॉवर कंपनी की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने इन उपलब्धियों के लिए पॉवर कंपनीज की पूरी टीम की सराहना की।



समारोह में के मुख्य सुरक्षा अधिकारी सर्वश्री आर.के. साहू, सुरक्षा निरीक्षक प्रभु शरण सिंह एवं बैंड मास्टर सुरक्षा उपनिरीक्षक ताराचंद बेन के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट एवं देशभक्ति गीतों की धुनों की प्रस्तुति दी गई। समारोह का संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविंद पटेल ने किया।



# नवा रायपुर में स्मार्ट मीटर की जांच के लिए खुलेगा केंद्रीय लैब

## मुख्यमंत्री के समक्ष छत्तीसगढ़ शासन और केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान बैंगलुरू के मध्य एमओयू




मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में 17 अगस्त 2022 को उनके निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बैंगलुरू और छत्तीसगढ़ शासन के मध्य नवा रायपुर में विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला तथा परीक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। छत्तीसगढ़ ऊर्जा विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद (आईएएस) और सीपीआरआई के एडिशनल डायरेक्टर श्री बी.ए. सावले ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर उर्जा विभाग और केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान को बधाई दी। मुख्यमंत्री निवास में एमओयू के पश्चात् होटल बेबीलोन में एक कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री हेमंत वर्मा ने कहा कि आने वाले समय में स्मार्ट मीटर योजना के लिए यह लैब काफी उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह लैब विश्वस्तर पर स्वयं को रेखांकित करेगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप इसका निर्माण किया जा रहा है। राज्य शासन ने इसके लिए 10 एकड़ भूमि निशुल्क प्रदान की है।

यह खुशी की बात है कि सीपीआरआई के अधिकारी इस लैब का निर्माण तीन साल के बजाय दो साल में ही करने का संकल्प ले रहे हैं। सीपीआरआई के श्री सावले ने कहा कि इस लैब में ट्रांसफार्मर, स्मार्ट मीटर के साथ ही साइबर सिक्यूरिटी की दिशा में काम होगा। भविष्य में पैनल इंडस्ट्रीज, आईपी व इंसुलेशन टेस्ट की सुविधा का विस्तार किया जाएगा।




इस मौके पर पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा व श्री मनोज खरे, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण (क्रेडा) के सीईओ श्री आलोक कटियार विशेष रूप से उपस्थित थे।

नवा रायपुर में केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बैंगलोर व्दारा स्थापित की जाने वाली क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला मध्य भारत की सबसे वृहद प्रयोगशाला होगी, जिसमें ट्रांसफार्मर, मीटर टेस्टिंग, ऑयल टेस्टिंग एवं समस्त विद्युत उपकरण के रूटिन टेस्ट की सुविधा होगी, वर्तमान में विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिए भोपाल भेजा जाता है।

छत्तीसगढ़ में यह सुविधा उपलब्ध होने से समय एवं राजस्व में बचत होगी। इस प्रयोगशाला में विद्युत कंपनियों को टेस्टिंग में 20 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी।

प्रयोगशाला के अंतर्गत ट्रेनिंग सेंटर की भी स्थापना की जाएगी, जिसमें विद्युत कम्पनियों एवं निजी संस्थानों के कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि होगी। प्रयोगशाला की स्थापना का कार्य 20 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत से 36 माह में पूर्ण किया जाएगा।

रायपुर में स्थापित होने वाली क्षेत्रीय टेस्ट लेबोरेटरी में हाई वोल्टेज लेबोरेटरी, एनर्जी मीटर टेस्ट लेबोरेटरी फॉर स्मार्ट मीटर और साइबर सिक्यूरिटी टेस्ट लेबोरेटरी फॉर सबस्टेशन इक्युपमेंटस एडं स्मार्ट मीटर की सुविधा उपलब्ध होगी।

केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के अधीन गठित सार्वजनिक उपक्रम है। इस संस्थान व्दारा पॉवर सेक्टर के निर्माताओं एवं यूटिलिटी में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सेवाओं, पॉवर सेक्टर में एप्लाइड रिसर्च को प्रोत्साहन तथा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दक्षता एवं विश्वसनीयता में सुधार हेतु परामर्श सेवाएं दी।

इस अवसर पर सीपीआरआई के ज्वाइंट डायरेक्टर अभय कुमार खैरवार, अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा व ऊर्जा विभाग के ओएसडी श्री मनोज कोसले सहित अन्य अधिकारीगण विशेष रुप से उपस्थित थे।

# बिलासपुर- मुख्यमंत्री ने किया 33 केवीए उपकेन्द्र का लोकार्पण



**बिलासपुर** | बिलासपुर क्षेत्र में 05 जुलाई को माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल व्दारा 33X11 केव्ही उपकेन्द्र का लोकार्पण किया गया। इस उपकेंद्र की लागत दो करोड़ 4 लाख रूपये है। नवनिर्मित 33X11 केव्ही 315 एमव्हीए उपकेन्द्र के ऊर्जीकृत होने से 11 केव्ही फीडर अंधियारखोह एवं डाहीबहरा फीड़र से ग्राम अंधियारखोह, गुम्माटोला, गंगपुर, डाहीबहरा, हर्री, दर्री, भस्कुरा, खैरझिटी, साल्हेघोरी एवं पंडरीपानी के लगभग 5 हजार उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल सहित कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, लाईन मेन सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

# दुर्ग -खिलोरा उपकेंद्र में बढ़ाई गई पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता



**दुर्ग** | दुर्ग क्षेत्र के विभागीय संभाग बेमेतरा के अंतर्गत 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र खिलोरा में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. से बढ़ाकर 5 एम.व्ही.ए. किया गया। विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत संपन्न किया गया।

दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर ने बताया कि उपकेंद्र के पॉवर ट्रांसफार्मर में क्षमता वृद्धि से विद्युत उपकेंद्र खिलोरा के 07 गांवों के लगभग 3200 किसानों एवं उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों और पंपों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी। पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि से ग्राम खिलोरा, राजकुड़ी, तेलाइकुड़ा, मोहलाई, डंगनिया, संडी एवं भनपुरी के उपभोक्ता एवं किसान लाभान्वित होंगे।

# कार्यपालक निदेशक श्री प्रसाद व मुख्य अभियंता श्री कोले को विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री एम.एच. प्रसाद एवं जनरेशन कंपनी से मुख्य अभियंता श्री पंकज कोले को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर कंपनीज के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आई.ए.एस.) ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त अभियंताओं की सेवाओं को प्रदेश के विद्युत विकास के लिए महत्वपूर्ण निरूपित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर विशेष रूप से एमडी श्री एन.के. बिजौरा, श्रीमती उज्वला बघेल एवं श्री मनोज खरे ने सेवानिवृत्तजनों को मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारी श्री प्रसाद एवं कोले ने अपनी सेवायात्रा के दौरान प्रबंधन अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया। प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

# सेवाभवन में ईडी श्री जैन व सीई श्री अग्रवाल को विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन के कार्यपालक निदेशक (सी एंड आरए) श्री पीके जैन एवं मुख्य अभियंता (टी एंड क्यूए) श्री पीके अग्रवाल को मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा ने उन्हें सेवा प्रमाण पत्र भेंट



किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री आरके श्रीवास, श्री सीएल नेताम व श्री आलोक सिंह उपस्थित थे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया। प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने अधिकारियों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वीं जयंती पर सद्भावना की शपथ





पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वीं जयंती के अवसर पर 20 अगस्त को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में सद्भावना की शपथ ली गई। यह दिन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देने और सद्भावना के भाव का विस्तार करने के लिए मनाया जाता है। पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा एवं श्रीमती उज्वला बघेल ने अपने कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यालयों में सद्भावना शपथ ली गई।

# तरक्की के लिए बिजली आवश्यक, लोगों से बिजली बचाने  अपील




आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ''उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य ऊर्जा @2047'' थीम पर आयोजित ऊर्जा महोत्सव में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। श्री मोदी ने बिजली को तरक्की के लिए आवश्यक बताते हुए लोगों को बिजली बचाने के संदेश दिया। यह आयोजन देश के 100 स्थानों पर एकसाथ हुए।

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय एवं राज्य शासन के समन्वय से 25 से 31 जुलाई 2022 तक ऊर्जा (बिजली) महोत्सव का आयोजन सभी जिलों में किया गया।  इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी सहित केंद्रीय विद्युत उपक्रम आरईसी लिमिटेड, एनटीपीसी सहित अन्य उपक्रम संयुक्त रूप से शामिल रहे।

इसका समापन कार्यक्रम रायपुर मेडिकल कालेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी आडिटोरियम में किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। सभागार में पूर्व मंत्री श्री सत्यानारायण शर्मा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा एवं संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री निवास से मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन,  पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद सहित अन्य अधिकारी इसमें वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत राजगीत अरपा पैरी के धार के गान से की गई। इसमें छत्तीसगढ़ी गीत के साथ सांस्कृतिक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने तीन लाख करोड़ रूपए की योजनाओं को लांच किया। इसमें डिस्कॉम कंपनियों और बिजली विभागों की परिचालन क्षमता और वित्तीय स्थिति में सुधार करने योजना शामिल है।  प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सोलर रूफटॉप पोर्टल का भी शुभारंभ किया। साथ ही एनटीपीसी के फ्लोटिंग सोलर प्लांटों का लोकार्पण किया।

इसमें छत्तीसगढ़ शासन की बिजली बिल हाफ योजना, मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना, मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के अलावा मोर बिजली एप की उपादेयता से आमजनों को अवगत कराया गया।साथ ही केंद्र सरकार की सौभाग्य योजना एवं डीडीयूजीजेवाई योजना, कुसुम योजना एवं उपभोक्ता के अधिकार सहित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। अंत में रायपुर कलेक्टर श्री डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने हाफ बिजली बिल योजना से लाभान्वित उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किया।  इस अवसर पर कार्यपालक निदेशकगण सर्वश्री भीम सिंह कंवर, जेएस नेताम, मुख्य अभिंयता एम जामुलकर, संदीप वर्मा, अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। संचालन पॉवर कंपनी के प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने किया।






# बिजलीकर्मियों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा हुई बेहतर



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी ने अपने कर्मियों की चिकित्सा सुविधा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए प्रचलित नियमों में आवश्यक बदलाव किया है, जिसमें दूरस्थ अंचलों में पदस्थ कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा का पूरा लाभ आसानी से मिल पाएगा। कर्मचारियों के हितों को हमेशा उच्च प्राथमिकता देने वाले अध्यक्ष श्री अंकित आनंद, भा.प्र.से. एवं श्रीमती उज्जवला बघेल, प्रबंध निदेशक ने विशेष रूचि लिए जाने के कारण छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी द्वारा इस संबंध में परिपत्र क्रमांक 2518 दिनांक 06.07.2022 जारी किया जाना संभव हुआ है। इससे पावर कंपनी के 13 हजार नियमित अधिकारी-कर्मचारी एवं 15000 सेवानिवृत्त एवं उनके आश्रित लाभान्वित होगें। पावर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद, भा.प्र.से. द्वारा इसकी घोषणा स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर की गई। इसके कुछ महत्वपूर्ण प्रावधान निम्नानुसार हैः-



## दूरस्थ अंचल में पदस्थ कर्मियों को मिलेगी इन बदलावों से सुविधा

**(1) पहले विद्युत कर्मी को ईलाज हेतु पॉवर कंपनी के डॉक्टरों से रेफरल करवाकर उसी डॉक्टर/ अस्पताल/जांच सेंटर से ईलाज/जांच करवाना आवश्यक होता था अन्यथा की स्थिति में उसे बिना रेफरल के ईलाज मानते हुए चिकित्सा में हुए खर्च की प्रतिपूर्ति में 50% से 75% तक की कटौती की जाती थी।**

• अब नये नियमानुसार रेफरल में किसी विशेष चिकित्सालय (अस्पताल)/जांच सेंटर (डायग्नोस्टिक सेंटर) के स्थान पर ''पावर कंपनी में अधिसूचित किसी भी अस्पताल/जांच सेंटर का उल्लेख किये जायेगें।'' तथापि रोगी किसी भी डॉक्टर/अस्पताल/जांच सेंटर से अपना इलाज/जांच करवा सकेंगें परन्तु इलाज/ जांच पर किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति लागू सीजीएचएस दर पर ही देय होगी। यद्यपि यात्रा भत्ता, मरीज के साथ एक परिचारक इत्यादि की सुविधा के क्लेम करने हेतु नियमानुसार अस्पताल के नाम एवं स्थान के उल्लेख के साथ रेफरल करवाना आवश्यक होगा।

**(2) पहले केन्द्र/राज्य सरकार के अस्पतालों जैसे एम्स आदि के लिए भी कुछ परिस्थितियों में रेफरल की आवश्यकता पड़ती थी।**

• अब पूरे भारत में कहीं भी स्थित केन्द्र व राज्य के शासकीय चिकित्सालयों में ईलाज हेतु किसी रेफरल की आवश्यकता नहीं होगी।

**(3) पहले रेफरल केवल 7 दिनों तक के लिए वैध रहता था तथा केवल रेफरल किये गये डॉक्टर/ अस्पताल से ईलाज करवाने की बाध्यता होती थी।**

• अब नये नियमानुसार रेफरल जारी करने के दिनांक से तीस (30) दिनों के लिए वैध होगा और तीस दिन के अंदर उसी रेफरल से उसी बीमारी के लिए अधिकतम तीन बार, अलग-अलग डॉक्टरों से या उसी डॉक्टर से ईलाज/सलाह ली जा सकती है।

**(4) पहले उन स्थानों पर जहां पॉवर कंपनी के अस्पताल/डिस्पेंसरी नहीं है। कार्यपालन अभियंता या उनसे उच्चस्तर के अधिकारी से ओपीडी में ईलाज हेतु अनुमति प्राप्त की जाती थी।**

• अब उन स्थानों में पदस्थ विद्युत कर्मियों एवं उनके पात्र आश्रितों को स्थानीय स्तर पर या MBBS डॉक्टर की अनुशंसा पर अन्य स्थानों पर ईलाज/जांच के लिये नियंत्रक अधिकारी, जो सहायक अभियंता से कम स्तर का ना हो, से पूर्व अनुमति प्राप्त करना होगा। नियंत्रक अधिकारी राज्य पावर कंपनी के किसी भी नियमित कर्मी को एक ही रोग के लिये लगातार तीन बार अनुमति प्रदान कर सकते है।

**(5) पहले इमरजेन्सी के समय पॉवर कंपनी में अधिसूचित अस्पताल में ईलाज हेतु भर्ती होने पर 48 घंटे के भीतर रेफरल करवाना आवश्यक था।**

• अब राज्य पावर कंपनी के नियमित कर्मी या उनके आश्रित आपात स्थिति में किसी भी अस्पताल में ईलाज करवा सकते है, परन्तु ईलाज/जांच पर किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति सीजीएचएस दर पर देय होगी और इसके लिए दावा करने हेतु उन्हें सामान्यतः पॉच (5) कार्य दिवसों के भीतर कार्योत्तर रेफरल शासकीय चिकित्सालय से या पावर कंपनी के अस्पताल/डिस्पेंसरी के माध्यम से कराना होगा।

**(6) पहले प्रिवेन्टिव हेल्थ चेकअप हेतु रेफरल करवाना पड़ता था।**

• अब प्रिवेन्टिव हेल्थ चेकअप हेतु निर्धारित जांच पावर कंपनी के नियमित कर्मी या उनके पात्र आश्रित वित्तीय वर्ष में एक बार निम्न जांच बिना रेफरल के करवा सकते है -

(अ) 35 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए - कम्पलीट ब्लड काउंट (CBC + ESR), शुगर - खाली पेट एवं खाना खाने के बाद, किडनी फंक्शन टेस्ट (KFT), लीवर फंक्शन टेस्ट (LFT) सेरम यूरिक एसिड, थायराइड टेस्ट (T3, T4, TSH) शुगर की हिस्ट्री - हीमोग्लोबिन ए1 सी (HBA1c) लिपिड प्रोफाइल।

(ब) 45 वर्ष से अधिक के पुरूषों के लिए - उपरोक्त के अलावा प्रोस्टेट स्पेसीफिक एंटीजेन (Total PSA) टेस्ट।

(स) 55 वर्ष से अधिक के लिए - उपरोक्त के अलावा विटमिन बी और विटामिन डी डेफिशिएंसी टेस्ट।

**(7) पहले राज्य या उसके बाहर की गई विभागीय यात्रा के दौरान रोगग्रस्त होने की स्थिति में ईलाज कराये जाने के उपरांत चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु प्रकरण संबंधित कंपनी के सीएमईसी में प्रस्तुत किया जाता था।**

• अब राज्य या उसके बाहर की गई विभागीय यात्रा के दौरान रोगग्रस्त होने की स्थिति में ईलाज/जांच पर खर्च की गई राशि संबंधित शहर या उसके आसपास के क्षेत्र में लागू सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (सीजीएचएस) की दर पर सीधे प्रतिपूर्ति योग्य तथा नियमानुसार दवाईयों की खरीद पर खर्च की गई राशि भी प्रतिपूर्ति योग्य होगी।

**(8) पहले बिना रेफरल के ईलाज कराये जाने के उपरांत चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु प्रकरण सीएमईसी में प्रस्तुत किये जाने पर ईलाज/जांच पर की गई खर्च संबंधित शहर या उसके आसपास के क्षेत्र में लागू सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (सीजीएचएस) की दर पर प्रतिपूर्ति योग्य राशि तथा नियमानुसार दवाईयों की खरीद पर खर्च की गई राशि के 25 प्रतिशत तक किया जाता था।**

• अब क्षेत्रीय चिकित्सा विशेषज्ञ समिति (आरएमईसी) की अनुशंसा के आधार पर सामान्यतया ईलाज/जांच पर की गई खर्च संबंधित शहर या उसके आसपास के क्षेत्र में लागू सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (सीजीएचएस)

की दर पर प्रतिपूर्ति योग्य राशि तथा नियमानुसार दवाईयों की खरीद पर खर्च की गई राशि के 33 प्रतिशत तक चिकित्सा प्रतिपूर्ति की जायेगी, परन्तु प्रकरण की प्रकृति को देखते हुए क्षेत्रीय चिकित्सा विशेषज्ञ समिति (आरएमईसी) कारण दर्शाते हुए उपरोक्तानुसार प्रतिपूर्ति की जाने वाली राशि को कम या ज्यादा कर सकती है।

**(9) पहले रेफरल के बाद ही निजी अधिसूचित चिकित्सालय/डायग्नोस्टिक सेंटर/ फिजियोथेरोपी सेंटर से सीजीएचएस दर पर ईलाज/ जांच की सुविधायें प्राप्त होती थी।**

• अब राज्य पावर कंपनी के नियमित एवं सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके आश्रितों को चिकित्सा पुस्तिका या परिचय पत्र के आधार पर निजी अधिसूचित चिकित्सालय/डायग्न्योस्टिक सेंटर/फिजियोथेरोपी सेंटर से बिना किसी रेफरल के सीजीएचएस की दर पर ईलाज/जांच की सुविधायें प्राप्त की जा सकती है। इससे सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके आश्रितों को बहुत राहत मिली है।

**(10) पहले प्राइवेट विशेषज्ञ चिकित्सक के सलाह पर अधिकतम 3 दिनों के लिए आवश्यक दवाईयां ही बाजार के मेडिकल स्टोर से खरीदने की अनुमति थी।**

• अब 10 दिनों के लिए आवश्यक दवाईयां मेडिकल स्टोर्स से खरीदी जा सकेंगी।

**(11) पहले विद्युत कर्मी या उनके पात्र आश्रितों के ईलाज/जांच पर किये गये व्यय की चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधित बिलों के प्रोसेसिंग हेतु कोई भी समय सीमा का प्रावधान नहीं था।**

• अब विद्युत कर्मी या उनके पात्र आश्रितों के ईलाज/ जांच पर किये गये व्यय की चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रक्रिया, दावा प्रस्तुत करने के दिनांक से सामान्य प्रकरणों में 15 दिनों में, RMECप्रकरणों में एक माह में और CMECप्रकरणों में दो माह में संबंधित चिकित्सा अधिकारी/नियत्रंक अधिकारी द्वारा पूर्ण की जायेगी। RMEC और CMEC प्रकरण सीधे संबंधित डॉक्टर द्वारा भेजा जायेगा।

**(12) पहले विद्युत कर्मी के सेवानिवृत्त के पश्चात् उसके नियमित सेवा के दौरान जारी की गई चिकित्सा पुस्तिका को बदलकर नई चिकित्सा पुस्तिका बनाये जाते थे।**

• अब सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा पुस्तक बदलने की जरूरत नहीं होगी बल्कि सेवानिवृत दिवस को संबंधित नियंत्रक अधिकारी पुरानी चिकित्सा पुस्तिका पर सेवानिवृत दिनांक अंकित कर एक सील लगाएंगे।

**(13) पहले पॉवर कंपनी में कार्य के दौरान घटित दुर्घटना पश्चात् ईलाज हेतु खर्च के भुगतान के संबंध में प्रक्रिया जटिल थी।**

• अब पावर कंपनी में कार्य के दौरान घटित दुर्घटना पश्चात् ईलाज हेतु खर्च का भुगतान अस्पताल को सीधे विभाग के नियंत्रणकर्ता अधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसके लिए अस्थाई अग्रिम रू. 75,000/- की स्वीकृति संबंधित कार्यपालन अभियंता द्वारा एवं उससे अधिक की राशि की स्वीकृति अधीक्षण अभियंता द्वारा की जा सकेगी।

**(14) पहले मेडिकल पॉलिसी के प्रावधानों का दुरूपयोग करते हुए पॉवर कंपनी का आर्थिक क्षति पहुंचाए जाने पर सामान्य प्रकार की कार्यवाही की जाती थी।**

• अब यदि विद्युत कर्मी (जिसमें चिकित्सा कर्मी भी शामिल हो) या चिकित्सालय/जांच सेंटर या मेडिकल स्टोर्स द्वारा परिपत्र दिनांक 06.07.2022 में उल्लेखित प्रावधानों का दुरूपयोग करते हुए पावर कंपनी का आर्थिक क्षति पहुंचाते है या पहुंचाने का प्रयास करते हुए पाये जाते है, तो इसे गंभीर प्रकृति का कदाचरण मानते हुए तदनुसार संबंधित विद्युत कर्मी के विरूद्ध कड़ी से कड़ी अनुशासत्मक कार्यवाही जैसे - बिना सेवानिवृति लाभों के सेवा से बर्खास्तगी की कार्यवाही सिविल सेवा आचरण नियम के तहत की जा सकती है एवं अधिसूचित चिकित्सालय/जांच सेंटर के नाम अधिसूचित चिकित्सालय की सूची से हटाया जावेगा तथा सभी दोषियों के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी।

**(15) पहले समस्त चिकित्सालय/औषधालय के सुबह की पाली की कार्य अवधि 8.00 बजे से 12.30 बजे तक के लिए निर्धारित की गई थी।**

• अब पावर प्लांट के अलावा अन्य स्थानों पर स्थित पावर कंपनी के डिस्पेंसरी के सुबह की पाली की कार्य अवधि 9.00 बजे से 1.00 बजे तक कर दी गयी है।



# नए ट्रांसफार्मर से 227 गांवों में मिलेगी गुणवत्तापूर्ण बिजली



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी व्दारा सुदूर ग्रामीण अंचलों तक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने लगातार सफल कोशिश की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में 132/33 केवी उपकेंद्र कसडोल में 40 एमवीए का नया अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर एक और उपलब्धि हासिल की गई। इससे 227 गॉवों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होगी। ट्रांसमिशन कंपनी की इस उपलब्धि के लिये कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी। विदित हो कि कसडोल उपकेन्द्र में पूर्व से 40 एमव्हीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था इसके अतिरिक्त अब 40 एमव्हीए का एक और नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है जिससे उपकेन्द्र की क्षमता 80 एमव्हीए हो गई है। लगभग 4.37 करोड़ की लागत से पूर्ण किये गये इस कार्य से 227 गांवों में गणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हो सकेगी जिससे 50 हजार 802 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

प्रदेश में उपभोक्ता संख्या में हो रही वृद्धि एवं कृषि संबंधी कार्यों में आवश्यकता के कारण विद्युत लोड की बढ़ोत्तरी हो रही है। ट्रांसमिशन कंपनी व्दारा ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर वहॉं स्थापित उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि का कार्य द्रुत गति से पूर्ण किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर ऊर्जीकरण के अवसर पर पॉवर कंपनी के कार्यपालक निदेशक (निर्माण एवं लाइन संधारण) श्री कैलाश नारनवारे, अधीक्षण अभियंता उपकेन्द्र संचालन एवं संधारण वृत्त रायपुर श्री आर.के. तिवारी, अधीक्षण अभियंता निर्माण एवं लाइन संधारण वृत्त रायपुर श्री पी.के. गढ़ेवाल अधीक्षण अभियंता सिविल वृत्त रायपुर श्री के.के. यादव कार्यपालन अभियंता एमआरटी संभाग-1 रायपुर श्री डी.के. देवांगन कार्यपालन अभियंता उपकेन्द्र संभाग रायपुर वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता संचालन एवं संधारण संभाग कसडोल श्री शशि पांडव एवं श्री आर.एन. साहू कार्यपालन अभियंता सिविल संभाग रायपुर उपस्थित थे।

# 10 लाख उपभोक्ताओं की पसंद बना मोर बिजली एप

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का मोर बिजली एप अब 10 लाख से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंच चुका है। बिजली बंद से लेकर बिल भुगतान संबंधी 16 सुविधाएं केवल एक क्लिक में देने वाला मोर बिजली एप सर्वाधिक लोकप्रिय एप में शामिल हो चुका है। यह छत्तीसगढ़ के सार्वजनिक उपक्रमों में सर्वाधिक डाउनलोड होने वाला एप बन गया है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने इस उपलब्धि के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने बताया कि प्रदेश में 49 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं, जिनमें से 20



प्रतिशत उपभोक्ता मोर बिजली एप का इस्तेमाल कर रहे हैं। वर्तमान में लगभग एक लाख लोग इस एप के जरिए बिल भुगतान कर रहे हैं तथा लगभग पांच हजार उपभोक्ता अपनी रीडिंग एप के जरिए दर्ज करा रहे हैं।

10 लाख से अधिक उपभोक्ताओं की पहुंच बताता है कि मोर बिजली एप विश्वसनीय और प्रभावी सेवा उपलब्ध करा रहा है। वन मिलियन डाउनलोड होने के अवसर पर पॉवर कंपनी ने केक काटकर इसे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर, ईआईटीसी के कार्यपालक निदेशक श्री वीके साय, महाप्रबंधक (वित्त) श्री वाईबी जैन, अधीक्षण अभियंता श्री एफए खान, सहायक अभियंता श्री मनोज बजाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के सरकारी भू-अभिलेख विभाग के भूंईया एप के बाद मोर बिजली एप सर्वाधिक डाउनलोड होने वाला एप बन गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की श्रेणी में मोर बिजली एप पहले नंबर पर है।

# विद्युत मंडल में पहली बार किसी बांध में लगाया रेडियल गेट

## शख्सियत



**श्री जीतेंद्र मेहता**
कार्यपालक निदेशक,
(जनरेशन कंपनी रायपुर)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी में कार्यपालक निदेशक (सिविल परियोजना) में पदस्थ श्री जीतेंद्र मेहता का जन्म 15 अक्तूबर 1960 को दमोह में हुआ। अपनी माता स्व. श्रीमती शारदा मेहता एवं पिता स्व. श्री विनोदशंकर मेहता के सुसंस्कारों के साथ उत्तरोत्तर प्रगति करने की प्रेरणा आपको मिली। आपने वर्ष 1976 में मिशन स्कूल सिवनी से हायर सेकेण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत वर्ष 1981 में शासकीय इंजीनियरिंग कालेज जबलपुर से स्नातक किया।

शिक्षा की पूर्णता के उपरांत आपने वर्ष 1981 से सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता के पद पर मिनी माता बांगो बाँध में सेवाएं दी। तत्पश्चात् वर्ष 1983 से मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल से स्नातक प्रशिक्षु के रूप में सीटीई जबलपुर से प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 1984 में आपको सहायक अभियंता के नियमित पद पर संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर में पदस्थ किया गया। इस पद पर आपने मुख्य अभियंता परियोजना जबलपुर, संयुक्त सचिव (कार्मिक)-दो जबलपुर कार्यालय में अपनी सेवायें दी। आगे वर्ष 1999 में आपको कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। सेवायात्रा में आगे बढ़ते हुए वर्ष 2008 में अधीक्षण अभियंता एवं वर्ष 2017 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति पाकर संयुक्त सचिव (सचिवालय) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल रायपुर तथा वितरण कंपनी के मानव संसाधन कार्यालय में उप महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किये गये।

सेवायात्रा में मिले दायित्वों का कुशलतापूर्वक निवर्हन करते हुये वर्ष 2021 में आप मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नत किये गये एवं आपको जनरेशन कंपनी के सिविल परियोजना कार्यालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। यहां सेवारत रहते हुए आपको जुलाई 2022 से कार्यपालक निदेशक के शीर्ष पद पर पदोन्नत प्राप्त हुई।

विद्युत मण्डल में पहली बार किसी बांध में रेडियल गेट लगाने का कार्य आपके कुशल मार्गदर्शन में वर्ष 1987 से 1990 में किया गया। विद्युत मण्डल/पॉवर कंपनीज में सेवारत रहते हुए आपके व्दारा वर्ष 1994, 2000, 2005, 2009, 2014 तथा वर्ष 2016 से लागू कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण का महत्वपूर्ण कार्य आपके व्दारा संपादित किया गया। लगभग 39 वर्षों की सेवायात्रा को पूर्ण करते हुए आपके व्दारा विद्युत मण्डल/पॉवर कंपनीज के सिविल कार्यों के अलावा सचिवालय/मानव संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों का कुशलतापूर्वक संपादन किया गया है।

# मिस्ड कॉल सेवा से नए उपभोक्ताओं को मिल रही राहत

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उपभोक्ता हितैषी प्रयासों से बिजली उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। नए कनेक्शन के लिए शुरू की गई मिस्ड कॉल सेवा का लाभ बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को मिला है। प्रदेश में अब तक इस सेवा से प्रतिदिन औसतन 19 नए कनेक्शन दिये जा रहे हैं। अब तक कुल 29 सौ नए कनेक्शन दिए जा चुके हैं। मिस्ड काल सर्विस की उच्च स्तर पर मीनिटिरंग सिस्टम तैयार किया गया है। जिसमें हर आवेदन की आनलाइन मानिटिरंग की जाती है। सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई मिस्ड कॉल सेवा का



विद्युत उपभोक्ताओं ने काफी लाभ लिया है। ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों के घरेलू ,कृषि , व्यवसायिक, औद्योगिक समेत सभी श्रेणी के स्थाई अथवा अस्थाई उपभोक्ताओं के नए कनेक्शन हेतु कंपनी व्दारा नंबर 74040-40625 पर मिस्ड कॉल सेवा शुरू की गई है। मिस्ड कॉल सेवा के तहत उपभोक्ता से कॉल आने पर मिस्ड कॉल दर्ज कर लिया जाता है तथा विद्युत कंपनी के संबंधित क्षेत्र के अधिकारी व्दारा संपर्क कर उनसे अन्य आवश्यक औपचारिकता पूर्ण की जाती है। नए कनेक्शन के लिए आवेदन प्राप्ति के बाद समय सीमा में कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उपभोक्ताओं जिनके कनेक्शन के लिए खम्भों के माध्यम से लाइन विस्तार की आवश्यकता होती है वहाँ विस्तार के दौरान किसी प्रकार के अवरोध होने पर कनेक्शन देने में विलंब हो सकता है। ऐसे मामलों को प्राथमिकता में रखकर कनेक्शन दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मोर बिजली एप के जरिए भी आवेदन किया जा सकता है। मोर बिजली एप के माध्यम से विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली से जुड़ी 16 से अधिक सेवा सिर्फ मोबाइल एप के माध्यम से मिल रही है।

**संकल्प की पीडीएफ प्रति उपलब्ध**

संकल्प गृहपत्रिका सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए अब पीडीएफ प्रति में भी उपलब्ध हैं। कंपनी की ऊर्जानेट के ई-मैग्जीन टैब पर हर महीने के संकल्प की प्रतियां नियमित अपलोड की जा रही हैं। किसी भी महीने का पीडीएफ आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

# 160 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर उर्जीकृत



**बिलासपुर**|220 केव्ही उपकेन्द्र मुंगेली में 160 एमव्हीए का नया अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित कर एक नयी उपलब्धि हासिल की गई है। इस उपलब्धि के लिये ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे ने बताया कि ट्रांसमिशन कंपनी अपनी क्षमता के कार्यों को लगातार विस्तार कर रही है। जिसके तहत यह कार्य किया गया। इसमें लगभग 8.80 करोड़ रूपये की लागत से यह ट्रांसफार्मर को उर्जीकृत किया है।

बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि 160 एमव्हीए क्षमता के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित होने से अब इस उपकेन्द्र की क्षमता बढकर 320 एमव्हीए हो गई है। जिससे 150 गांवों के लगभग 40 हजार उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत की आपूर्ति होगी। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री संदीप गुप्ता, श्री रामाकृष्णमूर्ति,अधीक्षण अभियंता श्री एसके दुबे, श्री आरके अग्रवाल तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 125 गांवों को मिलने लगी गुणवत्तापूर्ण बिजली



**बिलासपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने 220/132 के.व्ही उपकेन्द्र मुंगेली में 40 एमवीए क्षमता का नया अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया। इसके ऊर्जीकृत हो जाने से 125 गांवों में गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलने लगी। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी एवं निर्धारित लक्ष्यों को समयसीमा में पूर्ण करने का आव्हान किया।

उल्लेखनीय है कि 220/132 केव्ही उपकेन्द्र मुंगेली में 4.37 करोड़ की लागत से 40 एमव्हीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है।

ट्रांसफार्मर ऊर्जीकरण के अवसर पर पॉवर कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे, मुख्य अभियंता श्री संदीप गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## गंगाराम समरथ (बालोद)



वितरण केंद्र करहीभदर में पदस्थ परीक्षण सहायक श्री गंगाराम समरथ को बारिश में चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया। उन्होंने जुलाई महीने में अत्यधिक बारिश के बीच बाढ़ग्रस्त नाले का तैरकर पार किया और 33 केवी लाइन के बेलोदा फीडर की फाल्ट को दूर किया। इससे 16 गांवों की बिजली बहाल हो सकी।

## परदेसी राम साहू जगदलपुर



परदेसी राम साहू को कोंटा (सुकमा) के जलमग्न हो चुके सब-स्टेशन को त्वरित गति से सुधारने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए 33 केवी एवं 11 केवी पैनल-बैटरी चार्जर को जल्दी से स्थापित किया और 33/11 केवी फीडरों को ऊर्जीकृत किया। उन्होंने समय पर आवश्यक सुधार करके पावर कंपनी को होने वाली आर्थिक क्षति से बचाया।

## श्रीमती बरखा दुबे भिलाई



ट्रांसमिशन कंपनी की कार्यपालन अभियंता (ईई) श्रीमती बरखा दुबे भिलाई को 55 साल पुराने मशीन को अपनी सूझबूझ से सुधारने के कार्य के लिए चेयरमेन ने राज्य सम्मान दिया। भिलाई कर्मशाला में 1965 से स्थापित प्लेट शियरिंग मशीन बीते 15 सालों से खराब पड़ी थी। निर्माता कंपनी ने भी इसे सुधारने में असमर्थता जता दी थी और 55-60 लाख रुपए की नई मशीन खरीदने की सलाह दी थी।

## हरीश कुमार देवांगन भिलाई



400 केवी सब स्टेशन खेदामारा के ईई श्री हरीश कुमार देवांगन को 315 एमवीए के ट्रांसफार्मर की स्थापना युद्धस्तर पर कराने के लिए पुरस्कृत किया गया। इस ट्रांसफार्मर में खराबी आने से सेंट्रल ग्रिड से मिलने वाली बिजली नहीं ले पा रहे थे। त्वरित गति से पारेषण क्षमता बढ़ाना आवश्यक था। नया ट्रांसफार्मर स्थापित करवाकर ऊर्जीकृत करने तथा सिस्टम के नवीनीकरण का कार्य किया गया।

## श्री एमएस सुरेश कोरबा



हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम के एसई श्री एमएस सुरेश को 35 साल पुरानी कूलिंग वाटर लाइन को हटाकर नई लाइन बिछाने के कठिन कार्य को त्वरित गति से अंजाम देने के लिए राज्य पुरस्कार दिया गया। उन्होंने ताप विद्युत गृह के केमिकल डोजिंग की वैकल्पिक व्यवस्था एक महीने की अल्पअवधि में पूरी करने का भी उल्लेखनीय कार्य किया।

# स्वतंत्रता दिवस

## पॉवर कंपनी मुख

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद करने वाले बिजलीकर्मियों को पुरस्कृत किया। इसमें प्रबंध श्री मनोज खरे विशेष रूप से उपस्थित थे। राज्य स्तर पर**



## श्री आशीष हटवार



जनरेशन कंपनी के ईई श्री आशीष हटवार को नियामक आयोग में कोयला खदान गारे पेलमा-3 संबंधी याचिका को परिश्रम व सूझबूझ से बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने के लिए पदक प्रदान किया गया। जनवरी 2022 के पूर्व किसी भी विद्युत नियामक आयोग व्दारा राज्य व केंद्रीय उपक्रमों के कोयला खदानों की कोल दरों को निर्धारण नहीं किया गया था। गारे पेलमा कोल खदान की याचिका प्रस्तुत करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था।

## श्री एमडी

केंद्रीय कार्यालय स्तर पर
श्री एमडी बड़गैया को विध
अनुभाग शिकायतों के निष्पा
गया। इसके अतिरिक्त इन्हों
कार्यालयीन समय के अलावा
कार्य किया। उनकी समर्पण
किये गए कार्यों के लिए यह



**अनुरोध** - कृपया दोनों पेज को अपने का

# समारोह-2022

## र्यालय, रायपुर

(आईएएस) ने प्रदेशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बेहतर कार्य
निदेशकगण श्री एनके बिजौरा, श्रीमती उज्जवला बघेल एवं
छह व केंद्रीय कार्यालय स्तर पर सात कर्मी सम्मानित हुए।



### बड़गैया

डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी के एसई
नसभा, स्थापना एवं अन्य
दन के लिए पुरस्कृत किया
ने विधानसभा सत्र के दौरान
तथा अवकाश के दिनों में भी
भावना एवं कर्तव्यनिष्ठा से
सम्मान प्रदान किया गया।





### श्री केवी सुब्बाराव

केंद्रीय कार्यालय स्तर पर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यालय सहायक-1 श्री केवी सुब्बाराव को विभागीय जांच, ईओबी एवं क्रिमिनल प्रकरणों के कार्यों के निराकरण के लिए पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने एक साल के भीतर 109 अधिकारियों के विभागीय जांच प्रकरणों के निष्पादन में आवश्यक सहयोग दिया। उनके समर्पण भावना एवं कर्तव्यनिष्ठा से किये गए कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।



### श्रीमती कंचन दीपक हिशीकर

ट्रांसमिशन कंपनी की ईई श्रीमती कंचन दीपक हिशीकर को धरदेही में प्रस्तावित 220/400 केवी सब स्टेशन की तकनीकी डिजाइन व ले-आऊट जैसे जटिल कार्य को समय-सीमा में पूरा करने के लिए पुरस्कृत किया गया। कंपनी में ग्रिड से प्राप्त होने वाली विद्युत की एटीसी में वृद्धि हेतु केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण व्दारा प्रस्तावित इस सब स्टेशन का निर्माण मार्च 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

### श्री रोशन दास मानिकपुरी



केंद्रीय कार्यालय स्तर पर जनरेशन कंपनी के ईई सिविल श्री रोशनदास मानिकपुरी को कोयला खदान के लिए भूमि अधिग्रहण कार्य को बेहतर ढंग से पूरा करने पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने तमनार स्थित प्रभावित गांवों की परिसंपत्तियों के लिए मुआवजा प्रकरणों में कंपनी का पक्ष मजबूती से रखा। जिससे जनरेशन कंपनी की 62.99 करोड़ रुपए की बचत हुई।



### श्री हरीश कुमार चंद्राकर

केंद्रीय कार्यालय स्तर पर जनरेशन कंपनी के सहायक अभियंता श्री हरीश कुमार चंद्राकर को सिकासार जल विद्युत गृह के क्षतिग्रस्त ड्राफ्ट ट्यूब को सुधारने के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने सिकासार जल विद्युत गृह की इकाई क्रं. 1 के ड्राफ्ट ट्यूब की क्षतिग्रस्त भीतरी सतह को एपाक्सी ग्राउटिंग के व्दारा वर्षा पूर्व आवश्यक सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### श्रीमती क्षमा वर्मा गुप्ता



ट्रांसमिशन कंपनी की एई श्रीमती क्षमा वर्मा गुप्ता ने सब स्टेशन एवं बे-निर्माण की निविदा कार्यों को पूर्ण करने के लिए पदक प्रदान किया गया। इन्होंने कार्य शाखा में पदस्थ रहते हुए उपकेंद्र एवं बे-निर्माण के लिये मैदानी कार्यालयों से प्राप्त निविदा प्रस्तावों का परीक्षण कर समय सीमा में आदेश जारी करवाया। साथ ही सभी औपचारिकताओं को पूरा करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।



### श्रीमती श्रद्धा वर्मा

जनरेशन कंपनी की सहायक अभियंता श्रीमती श्रद्धा वर्मा को बीओपी कांट्रेक्ट के लंबित प्रकरणों के निराकरण में सहयोग के लिए पुरस्कृत किया गया। वे कार्यपालक निदेशक (परियोजना) कार्यालय में पदस्थ हैं। उन्होंने बीओपी कांट्रेक्ट के लंबित प्रकरणों का कुशलता एवं बुद्धिमानी से कांट्रेक्ट की व्याख्या कर प्रकरणों को प्रस्तुत किया।

र्यालयों के सूचना फलक पर चस्पा करें।

# बाढ़, बारिश और अंधेरे को चीरकर रोशनी फैला रहे विद्युतकर्मी

बारिश का समय बिजलीकर्मियों के लिए बहुत अधिक चुनौतियों भरा होता है। खासकर ऐसे मौकों पर जब लगातार मूसलाधार बारिश हो रही हो और बाढ़ से घिरे खंभों की मरम्मत करनी हो। यह चुनौती और दोगुनी तब हो जाती है जब अंधेरे में फाल्ट ढूंढना हो और लगातार बारिश हो रही हो। फिर भी इन चुनौतियों पर अपनी कठिन परिश्रम और सूझबूझ से विद्युतकर्मी विजय पा लेते हैं। इस मानसून में कुछ ऐसी ही चुनौतियों की कहानी इस अंक में.....



## पोल की फाल्ट सुधारने बांध के अंदर नाव से गए बिजली कर्मी

दुर्ग क्षेत्र के विभागीय संभाग बेमेतरा के अंतर्गत 11 के.व्ही. नवागढ़ फीडर की लाईन 09 जुलाई 2022 को फाल्ट हो गई थी। जिसे सुधारने बांध के अंदर लाइन कर्मियों की टीम नाव से पहुंची। फाल्ट के कारण ग्राम मुड़पार, बेमेतरा एवं चारभाठा खार की लाईन बंद हो गये थे । 11 के.व्ही. लाईन की पेट्रोलिंग करने पर मुड़पार बांध में एक नग पिन इंसुलेटर पंचर पाया गया। सहायक अभियंता श्री गुलाब साहू ने बताया कि 11 केव्ही लाइन बांध से गुजरी है। मूसलाधार बारिश के कारण बांध में पानी अधिक रहता है इसलिए नाव की व्यवस्था कर मौके पर पहुंचकर विद्युत कंपनी की टीम ने बड़ी सूझबूझ से पोल पर चढ़कर लाइन दुरुस्त किया,जिससे मुड़पार बस्ती में बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी।



## बालोद- उफनते नाले को तैरकर बहाल की 16 गांवों की बिजली

दुर्ग क्षेत्र के विभागीय संभाग बालोद के करहीभदर वितरण केंद्र के सबस्टेशन से बेलौदा सबस्टेशन तक जाने वाली 33 के.व्ही. आउट गोईंग फीडर तेज बारिश एवं आकाशीय बिजली तड़कने के कारण फाल्ट हो गया था, जिससे लगभग 16 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस मार्ग में बना नाला उफान पर था। तकनीकी कर्मचारियों व्दारा 33 केव्ही ब्रेकडाउन को चालू



करने के लिए पेट्रोलिंग के दौरान परीक्षण सहायक श्रेणी-एक श्री गंगाराम सामरथ एवं लाइनमेन श्री शैलेन्द्र मंडावी और श्री विजय शंकर तथा अन्य कर्मचारियों की टीम नाले की बाढ़ को देखकर चकित थे, परंतु अपनी बुलंद हौसले से नाला पारकर खंभे तक पहुंच गए। दोनों ने मिलकर इन्सुलेटर बदली करके 33 के.व्ही.लाइन की सप्लाई चालू करवाया।



## तेज बहाव में टूटे तार को जोड़ने पहुंचे विद्युतकर्मी

बिलासपुर के घुरू-अमेरी फीडर के पास पोल में खराबी आ जाने से घुरू, अमेरी एवं उसलापुर की सप्लाई बाधित हो गई थी। वहां पर लगभग 10 फीट पानी भरा हुआ था तथा वह गोकले नाला के करीब तेज बहाव वाले स्थान पर स्थित था। उक्त स्थल तक 350 मीटर तैरकर विद्युत कर्मी पहुंचे और विद्युत सप्लाई बहाल की। इसके लिए कनिष्ठ अभियंता श्री हरिनारायण लहरी एवं तकनीकी कर्मचारी श्री राकेश श्रीवास, कृष्णा प्रजापति, ओमप्रकाश खुंटे, रामकुमार देवांगन एवं ठेका कर्मचारी श्री बद्री उजागर, मुकेश वस्त्रकार तथा उमेश वस्त्रकार की टीम को ईडी श्री संजय पटेल ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण एवं एनटीपीसी ने की संयुक्त कार्यशाला




बिलासपुर में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण एवं एनटीपीसी सीपत के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह आयोजित किया गया। सम्मेलन में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, एचपीसीएल, गेल, एयरपोर्ट अथारिटी, आईआईएम अहमदाबाद, एनआईटी, आईआईटी, पॉवर ग्रिड, एनटीपीसी, सीएसपीडीसीएल, सीएसपीजीसीएल, सीएसपीटीसीएल एवं सभी राज्यों के ट्रांसमिशन तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 4000 प्रतिभागी 1700 टर्मिनल के माध्यम से सम्मिलित हुये। उक्त कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के श्री गौतम रॉय, श्री रमेश कुमार मुख्य विद्युत निरीक्षक दिल्ली, श्री अनिल कुमार पाण्डेय कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी श्री एलके सिंह राठौर निदेशक केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण व्दारा विद्युत दुर्घटना से होने वाली मृत्यु को कम करने, शासकीय नियम एवं अधिनियमों का पालन कराने, विद्युत दुर्घटना से होने वाले मृत्यु की संख्याओं का विश्लेषण व ग्लोबल अर्थिंग के साथ ही विद्युत पारेषण सेक्टर में किये जा रहे बेस्ट प्रेक्टिस की विस्तृत जानकारी दी गई। बिलासपुर क्षेत्र से अति.मुख्य अभियंता श्री पीके कश्यप, अधीक्षण अभियंता श्री वाय.के.मनहर, कार्यपालन अभियंता श्री डीके विश्वकर्मा, श्री अमर चौधरी, श्री अभिमन्यु कश्यप एवं सहायक अभियंताव्दय श्री बीएल देवांगन व श्री राजकुमार चौहान उपस्थित रहे।

## एबीवीटीपीएस में मना विद्युत संरक्षा सप्ताह



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में 26 जून से 04 जुलाई तक राष्ट्रीय विद्युत संरक्षा सप्ताह मनाया गया। विद्युत संयंत्र में विद्युत दुर्घटनाओं पर मॉकड्रील, संरक्षा जागरूकता व्याख्यान, कर्मचारियों व अधिकारियों के बीच नारा व निबंध लेखन स्पर्धा हुई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री राजाबाबू कोसरे, रामजी सिंह, आरजी देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जगदलपुर क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह



**जगदलपुर** | स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन प्रांगण में कार्यपालक निदेशक श्री एसके ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिये श्री छेदीसिंह ठाकुर, माला सिंह बडेराजपुर, श्री अनन्त राम यादव नारायणपुर, श्री प्रवीण राणा, मद्देड श्री नरेश लखनपुरी एवं श्री राकेश मण्डावी. छिंदगढ़ को प्रशस्ति पत्र, पदक एवं पारितोषिक राशि का धनादेश प्रदान कर श्री ठाकुर ने सम्मानित किया।

# पॉवर कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस की झलकियां



## जीएम(एचआर) ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय डंगनिया में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तीन दिनों तक राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। 13 व 14 अगस्त को ट्रांसमिशन कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री केके भौरासे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री विनोद अग्रवाल एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमांडर ए श्रीनिवास राव उपस्थित थे।

## तिरंगे को दी सलामी

**राजनादगांव** | स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अभियंता श्री टीके मेश्राम व्दारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री एस.के. खरे, श्री रंजीत घोष, कार्यपालन अभियंता श्री एस आर गुर्जर, श्री डी.के. ठाकुर, श्री एन.के. गुरूपंचायन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## नगर संभाग पश्चिम रायपुर में ध्वजारोहण



**रायपुर** | नगर संभाग पश्चिम रायपुर कार्यालय में 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संभाग के कार्यपालन अभियंता ई.सतीश कुमार शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सर्वश्री अत्रकार रात्रे, एस.आर. वर्मा, अरूण कुजूर, विकास सिन्हा, नागेन्द्र कुमार नायक, दिनेश कुजूर, श्रीमति मधु मालू, श्रीमति मीना रावले, एकता कोठारी, श्रद्धा एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## गुढ़ियारी- पदक के साथ नगद पुरस्कार



**रायपुर** | कार्यपालक निदेशक श्री जेएस नेताम ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। मुख्य अभियंता श्री संदीप वर्मा के व्दारा रायपुर शहर क्षेत्र एवं रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य हेतु पदक, प्रमाण पत्र तथा 5000/- भेंट कर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री अविनाश सोनेकर व एएन दुबे उपस्थित थे।

## मड़वा- 62 कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र

**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह में मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने ध्वजारोहण किया और सुरक्षा गारद का निरीक्षण कर सलामी ली। उत्तम कार्य निष्पादन के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कार्यपालन अभियंता मोहन प्रसाद चौबे व मुकेश कुमार पटेल, सहायक अभियंता भूपेंद्र कुमार साहू, इंद्र कुमार धुरंधर, रवीश कुमार और संयंत्र सहायक श्रेणी-एक रामचंद्र पिल्लई को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही 62 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थानीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया।

# सुरक्षा सैनिकों ने किया परेड

**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा-पश्चिम में मुख्य अभियंता श्री एस.कटियार ने ध्वजारोहण कर सुरक्षा सैनिकों की परेड का निरीक्षण किया। उत्कृष्ट कार्य के लिए क्षेत्रीय स्तर पर अधीक्षण अभियंता श्री हेमन्त सिंह, श्री मनीष श्रीवास्तव, श्री प्रवीण कुमार पंड्या, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.के.एन.साहू, सहायक अभियंता श्री सौरभ पटेल एवं श्री बसंत पटेल सहित स्थानीय स्तर पर 83 अधिकारियों,कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को सम्मानित किया गया।



# उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला पुरस्कार



**बिलासपुर** | कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर 6 कर्मियों को उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया गया। सर्वश्री कमलाकांत साहू लाईन परिचारक श्रेणी एक, श्री सतीश सोनवानी कार्यालय सहायक श्रेणी दो, श्री अक्षय कुमार एंथोनी परिचारक श्रेणी एक, श्री मुकेश कुमार माथुर प्रकाशन अधिकारी, श्री देव कुमार मांडवा, परि श्रेणी एक एवं श्री श्रीकांत सिंह ठाकुर परिचारक श्रेणी एक को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक राशि से सम्मानित किया गया।

# बिलासपुर में ध्वजारोहण



**बिलासपुर** | ट्रांसमिशन कंपनी के बिलासपुर स्थित मुख्य अभियंता (उपकेंद्र-संचारण एवं संधारण) में ध्वजारोहण किया गया। इसमें पॉवर कंपनी के चेयरमेन के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता गण मधु मिंज,श्री आर.के.अग्रवाल,श्री एस.के. बाजपेयी, एके बाजपेयी, ईई श्री पी.एन.राव, श्रीमती शिखा सिंह उपस्थित रहे। अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोरबा पूर्व-कर्मियों को मिला ग्रुप अवार्ड




**कोरबा पूर्व** | कोरबा पूर्व में कार्यपालक निदेशक श्री बीडी बघेल ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस अवसर पर तीन अधिकारियों को कंपनी मुख्यालय तथा स्थानीय स्तर से 12 कर्मियों को तथा 06 समूहों में 36 कर्मियों को ग्रुप अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्री बघेल ने बताया कि शासन के निर्देश पर यहां के छह संयंत्रों सेवानिवृत्त कर दिया गया है। वर्तमान में हाईड्रोजन प्लांट चालू है। जिससे अन्य सभी पावर हाऊस के इकाईयों को हाइड्रोजन गैस सप्लाई किया जाता है।

# दुर्ग-चेयरमेन के संदेश का किया वाचन



**दुर्ग** | दुर्ग क्षेत्र में मुख्य अभियंता श्री एम जामुलकर व्दारा ध्वजारोहण कर चेयरमेन के संदेश का वाचन किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालय सहायक श्रेणी एक सुश्री केएसएन लक्ष्मी, कार्यालय सहायक श्रेणी दो श्रीमती निशात अंजुम, परिचारक श्रेणी एक श्री अनिल कुमार यादव, परिचारक श्रेणी दो श्री गैंदलाल सिन्हा, परीक्षण सहायक श्रेणी दो श्री झम्मन लाल देशमुख एवं परिचारक लाईन श्री पंकज कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया।

# श्री बिजौरा ने किया उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को पॉवर जनरेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वतंत्रता दिवस 2022 में पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया में पुरस्कृत किया गया। इस हेतु पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा ने पुरस्कृतजनों को सम्मानित किया गया।

इसमें मुख्य अभियंता कार्यालय (भंडार एवं क्रय) के अधीक्षण अभियंता श्री विजय कुमार सेनचौधरी, कार्यपालक निदेशक (नवीनीकरण) कार्यालय के कार्यपालन अभियंता श्री शिवपाल नाथ पटेल, मुख्य अभियंता (ईंधन प्रबंधन) कार्यालय के सहायक अभियंता नीलिमा कौशिक, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) कार्यालय के निज सचिव श्रीमती वंदना शिलारे, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) कार्यालय के सहायक अभियंता श्रीमती दीक्षा पाठक, कार्यपालक निदेशक (संचारण एवं संधारण) कार्यालय के कार्यपालन अभियंता श्रीमती चंद्रप्रभा ठाकुर को सम्मानित किया गया।

# ट्रांसमिशन कंपनी के 6 कर्मी उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मियों को क्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया। कंपनी की उत्तरोत्तर प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले कर्मियों की सराहना करते हुए प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्वला बघेल ने उन्हें बधाई व शुभकामनायें दी। उन्हें क्षेत्रीय अधिकारियों ने पदक, प्रशस्ति पत्र एवं रूपये 5000/- देकर सम्मानित किया। इसमें कार्यपालन अभियंता (अतिउच्चदाब संधारण) संभाग कोरबा में कार्यरत परिक्षण श्रेणी-2श्री दुर्गेश कुमार साहू को 46 टॉवरों की रीफिटिंग कर संभावित नुकसान से बचाने के उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यपालन अभियंता (अतिउच्चदाब संधारण) संभाग भिलाई के परिक्षण श्रेणी-1 श्री



एम. मुरूगराज को 132 के.व्ही. बेमेतरा-सिमगा-कवर्धा लाईन के जंग लगने के कारण खराब हो गये टॉवरों को बिना विद्युत अवरोध किये अपनी टीम के साथ दुरूस्त करने पुरस्कृत किया गया। इसी तरह 132 केव्ही उपकेन्द्र पंखाजूर में कार्यरत परिक्षण श्रेणी 1 श्री जयसिंह नेताम को पारेषण टावर के क्षतिग्रस्त हो जाने कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने पर डीजल जनरेटर सेट चालू कर उपकरणों को नुकसान होने से बचाने के लिए पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। 220 केव्ही उपकेन्द्र कोतमीकला में कार्यरत परिक्षण श्रेणी-2 श्री सुरेश बख्लाको दो नए 33 केव्ही फीडर की वायरिंग एवं टेस्टिंग कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यपालक निदेशक संचार एवं टेलीमीटरी कार्यालय भिलाई में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्रीमती एस. सुधा रानी को विभाग के लंबित कार्यों का त्वरित निपटारा तथा 220 केव्ही उपकेन्द्र के नये कार्यों के लिए जारी निविदा प्रक्रिया में उल्लेखनीय भूमिका के लिए प्रशस्ति पत्र व पदक प्रदान किया गया। उन्हें कार्यपालक निदेशक श्री पीसी पारधी ने सम्मानित किया। कार्यपालन अभियंता भण्डार कार्यालय भिलाई में पदस्थ अनुभाग अधिकारी श्री किशोर कुमार यादव को मरम्मत योग्य ट्रांसफार्मरों को स्कैप में परिवर्तित कराकर नीलामी प्रस्ताव तैयार कराने के साथ साथ कोरोना काल में भी कार्यालय में उपस्थित होकर मैदानी कार्यालयों को सामग्री प्रदान करने के उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।

## रायपुर वित्त अधिकारियों को विदाई



**रायपुर** | वितरण कंपनी के कार्यालय महाप्रबंधक (वित्त) में कार्यरत अनुभाग अधिकारी श्री सेवक राम साहू को सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई दी गई। साथ ही ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर के वित्त विभाग के प्रबंधक श्री सी.आर. जांगडे एवं अनुभाग अधिकारी व्दय श्री आर के तिवारी एवं श्री बसंत निषाद को 30 जून को सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. चौहान एवं महाप्रबंधक श्री वाई.बी. जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

## नगर संभाग पश्चिम रायपुर में विदाई



**रायपुर** | नगर संभाग पश्चिम रायपुर कार्यालय में पदस्थ अनुभाग अधिकारी श्रीमती भारती शर्मा को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालन अभियंता सतीश कुमार शर्मा ने उन्हें शाल, श्रीफल स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता पीके कोमजवार, एसके चंद्राकार, डीके वर्मा, अत्रकार रात्रे, शशाक नायक, गुलाब साहू, एसआर वर्मा, प्रवीण साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दुर्ग प्रशासनिक अधिकारी को दी विदाई



**दुर्ग** | क्षेत्रीय मुख्यालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती प्रभा थोरात, लेखाधिकारी श्रीमती शशिकला सिंह एवं कार्यालय सहायक श्रेणी एक श्री राजकुमार राजपूत, दुर्ग रीजन के एसटीएम कार्यालय से एक, दुर्ग संभाग से एक, बालोद संभाग से एक एवं सिटी एसटीएम से एक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एचके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री एसआर बांधे ने उन्हें शुभकामनायें दी।

## रायपुर सहायक अभियंता श्री दुबे को विदाई

**रायपुर** | कार्यालय अधीक्षण अभियंता (सिविल) में कार्यरत सहायक अभियंता श्री संतोष कुमार दुबे को सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई दी गई। श्री दुबे विगत दिनों गंभीर रूप से अस्वस्थ हो गए थे, इसलिए अधीक्षण अभियंता श्री डीडी चौधरी, ईई श्री रवि चन्द्राकर सहित पूरा स्टाफ श्री दुबे के निवास पहुंचा और उन्हें सेवानिवृत्ति उपरांत घर पर प्रतीक चिन्ह भेंट किया।



## राजनांदगांव लेखाधिकारी की विदाई



**राजनांदगांव** | मुख्य अभियंता श्री टी० के० मेश्राम व्दारा वरि. लेखाधिकारी कार्यालय में पदस्थ लेखाधिकारी श्री कमलेश्वर दास वैष्णव के सेवानिवृत्ति पर स्मृति चिन्ह, उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर भावभीनी विदाई दी। लेखाधिकारी श्री भावेश वाल्दे, अनुभाग अधिकारी श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, श्री शांतिकुमार जैन, श्री अमर लाल चौहान, श्री एस.के. वर्मा, श्री एम.के. साहू, श्रीमती विनिता खंडेलवाल, श्री जे.पी. साहू, श्रीमती भारती यादव उपस्थित थे।

## कोरबा ताप विद्युत गृह में विदाई समारोह




**कोरबा** | डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कार्यपालक निदेशक श्री एस.के. बंजारा ने माह अगस्त 2022 में सेवानिवृत्तजनों सर्वश्री नवीन कुमार सोहानी, श्यामा राव, राम रतन सोनी, श्रीमती सुनन्दा सोनी, डी.सुरेश क्रिस्टोफर, आदित्य पाणीग्रही को सेवानिवृत्ति पर उनके उज्जवल भविष्य एवं सुखमय जीवन की कामना की।

# बिलासपुर- 11 कर्मी हुए सेवानिवृत्त



**बिलासपुर** | क्षेत्रीय कार्यालय में 11 कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने सेवानिवृत्त हो रहे सर्वश्री नरेन्द्र राव, सागर दास मानिकपुरी, पुन्नीलाल तिवारी, लूसन सिंह, होरीलाल लाईन, भुवन सिंह, परस राम साहू, रामायण लाल पाण्डेय, तापस कुमार भद्रा, राजकुमार श्रीवास, श्रीमती मंजूलता मेश्राम को शुभकामनाएं प्रेषित की। कर्मियों ने कंपनी से मिले सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बिलासपुर में कर्मियों की भावभीनी विदाई



**बिलासपुर** | बिलासपुर क्षेत्रीय कार्यालय में जुलाई माह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने सम्मानित किया। इसमें सेवानिवृत्त हो रहे सर्वश्री विनोद कुमार जायसवाल, विवेकानंद वैष्णव, बंशीलाल सूर्यवंशी, अनुदीपक जेम्स कन्हैया लाल कश्यप, ओंकार सिंह कश्यप बालक राम कश्यप को स्मृति चिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट कर उनके सुखमय जीवन की कामना की।

# डीएसपीएम से एडिशनल सीई श्री जैन को विदाई




**कोरबा पूर्व** | डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री रजनीश जैन सहित अन्य कर्मियों को विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक श्री एस.के. बंजारा ने श्री ए.के. नामदेव, अनिल कुमार सन्याल, जगदेव प्रसाद, सुरेश सिंह, राजेश राठौर, शिशिर कुमार कुंण्डू, तिलक राम साहू, सुरेन्द्र कुमार जैन, नोवस टोप्पो, रामू प्रसाद साहू को भी सम्मानित किया गया।

# कोरबा पूर्व में विदाई समारोह



**कोरबा पूर्व** | कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक श्री बी.डी.बघेल एवं मुख्य अभियंता श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव ने सेवानिवृत्तजन सर्व श्री अजीत कुमार टोप्पो, श्रीदत्त शुक्ल, श्रीमती कल्पना सिंह एवं जग्गूराम को स्मृति चिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट कर उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यपालक निदेशक श्री बघेल ने सेवानिवृत्तजनों के सुखमय जीवन की कामना की।

# मड़वा में वरिष्ठ लेखाधिकारी को विदाई



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा से अगस्त माह में वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री राजेश कुमार सोनी को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया,अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री आलोक लकरा, रामजी सिंह, एसएन देवांगन एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी ने सेवानिवृत्ति श्री सोनी को स्मृति चिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट कर उनके सुखमय जीवन की कामना की।

# सीई ने किया कर्मियों को सम्मानित



**कोरबा** | हसदेव ताप विद्युत गृह में अगस्त महीने में आयोजित समारोह में कर्मियों को विदाई दी गई। इसमें सर्वश्री अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रफुल्ल कुमार मोघे, ईई भगवानदास भगवानी, दिलीप कुमार जैन, सुदर्शन कुजूर को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। मुख्य अभियंता श्री एचके कटारिया ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर श्री केके डोंगरे, एसके सोनपुरे, एके दत्ता, ओपी शुक्ला, एके सिन्हा, पीके दुर्गे व एके कुरमाल उपस्थित थे।

# “मिले सुर मेरा तुम्हारा” में दी भारत की विविधता की प्रस्तुति



**रायपुर** | आदर्शिनी महिला मंडल डंगनिया रायपुर में 76 वां स्वतंत्रता दिवस' उपाध्यक्ष श्रीमती कल्याणी बिजौरा के निर्देशन में हर्ष एवं उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य आकर्षण श्रीमती शिल्पा दुबे व्दारा निर्देशित मिले सुर मेरा तुम्हारा कार्यक्रम रहा। जिसमें भारत की विविधता व अनेकता में एकता को बहुत सुन्दर तरीके से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सचिव श्रीमती अनिता नाहर जैन एवं सहसचिव श्रीमती सविता सचदेव व्दारा बहुत ही रोचक ढंग से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से सलाहकार श्रीमती अंजली चंद्र, श्रीमती आभा शुक्ला, वित्त सचिव श्रीमती ममता मिश्रा एवं श्रीमती सरोजनी दुबे का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## संकल्प महिला मंडल व्दारा सफाई मित्रों का सम्मान



**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में संकल्प महिला मंडल ने सफाई मित्र सम्मान का आयोजन किया।

इसमें मुख्य अभियंता श्री एसके कटियार ने प्लांट तथा कॉलोनी को स्वच्छ व साफ सुथरा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान निभाने वाले सफाई मित्रों को उपहार व मिष्ठान वितरित कर सम्मानित किया।

इसमें अति. मुख्य अभियंता श्री केके डोंगरे,श्री अजय सिन्हा एवं संकल्प महिला मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना डोंगरे, उमा अग्रवाल, शर्मिष्ठा सिन्हा, प्रियंका पाटले, सचिव श्रीमती रूबी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## कोरबा पूर्व- प्रेरणा महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज उत्सव



**कोरबा पूर्व** | प्रेरणा महिला मंडल ने सावन सखी मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि जनरेशन कंपनी की प्रबंध निदेशक की पत्नी श्रीमती कल्याणी बिजौरा मुख्य अतिथि थीं। मुख्य अतिथि श्रीमती बिजौरा का शाही अंदाज में बंगाली दुल्हन के परिवेश में स्वागत किया गया। इसमें प्रेरणा महिला मण्डल शौर्य गाथा का सुन्दर गीत बनाया गया तथा इसका विमोचन किया गया। सभी प्रतिभागी के बीच में सावन क्वीन कादम्बरी राणा चुनी गई। इसमें श्रीमती निवेदिता बंजारा एवं श्रीमती सोनिया बघेल की विशेष रुप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव पूनम सक्सेना एवं हेमलता गुरूपंच ने किया।

## हसदेव ताप विद्युत गृह में भोजली उत्सव



**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप व्रिद्युत गृह कोरबा पश्चिम मे भोजली उत्सव समिति व्दारा भोजली महोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती के के डोंगरे, ए के दता, ए के सिन्हा, के सी अग्रवाल, पी के दुर्गे, डा मंजूला साहू आमंत्रित थे ।

भोजली प्रतियोगिता के निर्णय के रूप में श्रीमती एस के सोनी, एच सिंह, ए के नेमा, ए देशमुख ने निर्णायक की भूमिका निभाई । भोजली उत्सव समिति के अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता ,संरक्षक सुरेश सोनी , संयोजक मनीष श्रीवास्तव एवं अरूण दास वैष्णव गुरूजी उपस्थित थे।

# मड़वा | आकृति महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा के आकृति महिला मंडल व्दारा हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में सावन क्वीन मधु राठिया, हरियाली क्वीन विनीता ध्रुव और तीज क्वीन संध्या इंग्ले, मिसेज रॉयल ग्लोबल क्वीन सुनीता जांगड़े चुनी गईं। हरियाली तीज महोत्सव में कार्यक्रम की थीम डिस्को फ्यूजन रही। इसमें रीना धुरंधर एवं मधु राठिया व्दारा भगवान श्रीगणेश जी की वंदना नृत्य के साथ की गई। तीज महोत्सव में छत्तीसगढ़ी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, बॉलीवुड फ्यूजन, पंजाबी फ्यूजन, कव्वाली, रैंप वाक एवं गणेश-शिव तांडव आकर्षण के केंद्र रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कल्याणी बिजौरा व श्रीमती शशि कोसरिया उपस्थित रही ।कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्रीमती अर्निका लकरा, श्रीमती नीना तिवारी, श्रीमती कमला सिंह, श्रीमती चारूलता देवांगन, सचिव श्रीमती दीपा साहा, वित्त सचिव श्रीमती पूनम कश्यप का सहयोग रहा। संचालन श्रीमती नीतू देवदत्त व श्रीमती सुमन ठाकुर एवं आभार श्रीमती सुषमा तारेंद्र व्दारा किया गया।

## कर्मचारी विकास प्रशिक्षण का आयोजन



**भिलाई** | दत्तोपंत ठेंगडी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण का आयोजन 20-21 जुलाई 2022 को कर्मशाला संभाग भिलाई में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधीक्षण अभियंता अ.उ.दा (नि./ संधा.) वृत्त श्री पी. पी. सिंह ने किया। समापन अवसर पर अधीक्षण अभियंता उप-केन्द्र ( संचालन एवं संधारण) श्री एस. के भुआर्य ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर ईई श्रीमती बरखा दूबे , डॉ. एस. एल. कोरटिया,ईई श्री अखिलेश गजपाल, श्री एस.के. उईके, एई श्री सी.आर. चंद्रवंशी, श्री आर. के. हरमुख, श्री डी.के. साहू, श्री एस.पी. मंडावी, श्री आकाश सिन्हा एवं कल्याण अधिकारी श्री टीपी शर्मा उपस्थित थे

## स्तुति महिला मंडल ने मनाया सावन तीज



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र की स्तुति महिला मंडल जूनियर क्लब व्दारा सावन तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर चांपा की पर्वतारोही सुश्री अमिता श्रीवास एवं विशिष्ट अतिथि किड्स क्यूब इंटरनेशनल स्कूल की प्राधानाध्यापिका श्रीमती राधिका सोनी एवं स्टाइलिश स्टूडियो की ब्यूटिशियन श्रीमती तृप्ति सिंह उपस्थित रहीं। अध्यक्षता श्रीमती श्रद्धा सिंह ने की। कार्यक्रम में एकल नृत्य, समूह नृत्य, पहेली एवं खेल का आयोजन हुआ। मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने स्तुति महिला मंडल को शुभकामनाएं दी । तीज उत्सव में पांच प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर सावन तीज क्वीन का खिताब रीतू रेड्डी व ब्यूटी क्वीन आकांक्षा यादव एवं मोनिका को मिला। टैलेंट क्वीन लीना ठाकुर ने प्राप्त किया। संचालन श्रीमती श्रद्धा सिंह एवं श्रीमती शुभ्रा सिरसंत ने किया।

# बिलासपुर | संस्कृति महिला मंडल का सावन महोत्सव



हरेली त्यौहार के उपलक्ष्य में बिलासपुर सावन महोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेल, सावन झूला तथा सावन सुंदरी प्रतियोगिता हुई। सदस्यों ने सावन झूले का आनंद लिया। सावन सुंदरी प्रतियोगिता में श्रीमती वर्षा पटेल विजेता रहीं एवं सावन सुंदरी का खिताब भी हासिल किया। अन्य प्रतियोगिताओं में श्रीमती ज्योति भोजक, श्रीमती कल्पना घाटे, श्रीमती मौसमी धर, श्रीमती सरिता चौहान, श्रीमती पी भारती एवं श्रीमती उषा तिवारी विजेता रहीं। श्रीमती वर्षा पटेल व्दारा पुरस्कार एवं सभी सदस्यों को उपहार स्वरूप पौधा वितरण किया गया। वाहन चालकों को भी पौधा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती रून्की अम्बस्ट, श्रीमती शीला वर्मा, श्रीमती चित्रा मनहर, श्रीमती उषा संधू, श्रीमती सरिता सिंह, श्रीमती रेशू चौधरी.श्रीमती तृप्ति जांगड़े, श्रीमती प्रीति साव, श्रीमती नीलिमा भारद्वाज एवं श्रीमती रेखा चक्रवर्ती सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रेरणा महिला मंडल ने किया फल वितरण





**कोरबा पूर्व** | प्रेरणा महिला मंडल ने अनूठी पहल करते हुए आई.टी. आई. रामपुर स्थित बालिकागृह में दैनिक उपभोग की वस्तुएं वितरित की। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा की धर्मपत्नी श्रीमती कल्याणी बिजौरा मुख्य अतिथि थीं। महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती निवेदिता बंजारा एवं श्रीमती सोनिया बघेल ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बालिका गृह में दैनिक उपयोग की वस्तुए. कपड़े. चॉकलेट. फल. मिठाई एवं राशन प्रदान किया। बालिका गृह की संचालिका श्रीमती रूकमणी नायर ने इस सहयोग के लिए प्रेरणा महिला मंडल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नमिता पैकरा, अंजना कुजुर, राजेश्वरी रावत, अल्का शर्मा, प्रतिमा दत्ता, विभा करनाल, गीता शुक्ला, अल्का बंछोर, मंगला गुर्जर, निर्मला शुक्ला, पुनम सक्सेना, हेमलता, उतरा ठाकूर, सीमा राजपुत, सुषमा श्रीवास्तव, सुनीता शर्मा, गीता पैकरा, साधना सोनी उपस्थित रही।

## तीज में हरियाली क्वीन बनीं दुर्गा पटेल



**कोरबा पश्चिम**| हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में संकल्प महिला मंडल व्दारा हरियाली तीज का कार्यक्रम श्रीमती कल्याणी बिजोरा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। श्रीमती बिजौरा ने कार्यक्रम को बहुत सराहा तथा रविंद्र संस्कृतिक भवन स्थित नवीनीकृत भोजन कक्ष का भी उदघाटन किया । हरियाली क्वीन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती दुर्गा पटेल द्वितीय स्थान श्रीमती सुलेखा श्रीवास्तव व तृतीय स्थान श्रीमती अनीता टोप्पो ने जीता। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती रूबी श्रीवास्तव ने अपनी मधुर आवाज में किया। कार्यक्रम में संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रभा कटियार, श्रीमती रजनी टंडन एवं श्रीमती मंजूषा बर्दिया. श्रीमती अर्चना डोंगरे,श्रीमती शशि सोनपुरे,श्रीमती ममता दुर्गे , श्रीमती सरिता राठौर, श्रीमती कुसुम भगत , श्रीमती हर्षिता श्रीवास्तव , श्रीमती दिव्या देवांगन, श्रीमती कविता पटेल उपस्थित थीं।

# आदिवासियों की अनछुई दुनिया- अबूझमाड़



संतोष साहू, प्रबंधक
कार्या. महाप्रबंधक (मा.सं.)
छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी



सच कहे तो अबूझमाड़ के बारे में जितना सुना था उससे कहीं अधिक पाया। विगत दिनों बस्तर संभाग के अहम हिस्से को निहारने का मौका मिला। विगत कुछ दशकों से यह क्षेत्र संवेदनशील हो चला है शायद इस लिए कि जो संवेदनशीलता हमारी इस क्षेत्र को लेकर होनी थी वह नहीं रही। बहरहाल, ऐसे क्षेत्र में जाने के लिए वाहन का चयन भी अहम था । अबूझमाड़ नक्सल प्रभावित होने के साथ ही घने जंगलों से आच्छादित है। सो दोपहिया वाहन से जाना तय हुआ। दुर्ग से यात्रा प्रारंभ हुई जो बालोद, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर एवं रावघाट होते हुए नारायणपुर पहुंची। 200 कि.मी. का सफर लगभग छह घंटों में तय करते हुए तीन बजे तक हम नारायणपुर पहुँचे।

नारायणपुर से बीजापुर मार्ग पर है अबूझमाड़ का वह क्षेत्र जो हमेशा मेरे मन में कौतुहल पैदा करता रहा है। इसका मुख्यालय ग्राम ओंरछा है। ओरछा कहने को तो तहसील मुख्यालय है परन्तु सही मायनों में एक छोटा गांव है। ओरछा पहुंचने के लिये लगभग 70 कि.मी. दूरी तय करनी थी, जिसे हमने आराम से जाते हुए ढाई घंटे में तय कर लिया। कुकुर नदी से थोड़े आगे जाकर झारा की सुन्दर घाटी मिली । थोड़ा आगे चलने पर कुंगेरा गांव में धनी राम घोटुल देखने को मिला। छोटे डोंगर एवं धवराई होते आमदी घाटी पार कर हम अबूझमाड़ के प्रवेश द्वार तक पहुंचे। रास्ते में वैद्यराज, हेमचंद मांझी का गांव गौरदण्ड भी देखे। बताते हैं कि वे सभी प्रकार की जटिल व्याधियों का नाड़ी छूते ही ''डायग्नोसिस'' करते हैं एवं जड़ी-बुटी से इलाज भी करते हैं। सूरज के ढलने से पहले हम ओरछा पहुंच गए।

यहां विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ है क्योंकि ओरछा में नया 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बना है एवं यहाँ से 11 के.व्ही लाईन लगभग 25 कि.मी तक जाती है परन्तु जंगल से गुजरने वाले लाईन का रखरखाव विभाग के कर्मचारियों के लिये अत्यधिक दुष्कर कार्य है। रात विश्राम के लिये रेस्ट हाऊस की व्यवस्था हो गई थी और रात्रि भोजन के लिए होटल का ही सहारा था। शाम ढलते-ढलते गांव का चक्कर काट चुके थे एवं रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित मॉ शारदा आश्रम में पढ़ रहीं बच्चियों से चर्चा हुई।

अगले दिन लगभग नौ बजे हम ओरछा से मांड के अंदरूनी क्षेत्रों में घुमने के लिये निकल पड़े । ओरछा से ही लगकर बहने वाली मांडिन नदी पार की। यहाँ पर हमें माडिया लोगों का गांव मिला। माडिया बस्ती की अपनी एक पहचान होती है, ये पालतु पशुओं के साथ बाड़ से घिरी दो-तीन झोपड़ियों का एक घर होता है। एक अधखुली झोपड़ी होती है जिसमें खाना पकाते और खाते हैं दूसरा जिसका अनाज भण्डार के रूप में उपयोग करते हैं एवं सोने व बसने के लिये अलग झोपड़ी रहती है, पशुओं का बाड़ा भी बाजू में ही होता है। घर में सल्फी का पेड़ उनकी समृद्धि की पहचान होती है, जिसके बिना इनका जीवन अधूरा है। ये सल्फी के पेड़ की विधिवत् पूजा कर सल्फी रस निकालना शुरू करते हैं और इस कार्य में पारंगत व्यक्ति का कुनबे में एक रूतबा होता है। झोपड़ियों में दिखने वाले सीमित संसाधनों से जीवन की सरलता तो समझ आती है परन्तु निर्धनता की चुभन भी साफ महसूस की जा सकती है। शिकार, वनोपज संग्रहण एवं छोटी सी खेती इनकी अर्थव्यवस्था का आधार होता है। इसके आगे हम एक और गांव बड़े तोंन्ड़ाबेड़ा देखते हुए मांड के और अंदर के क्षेत्र में पहुँचने लगे।

एक छोटी नदी को पार करते ही हमें वाहन रोकना पड़ा और आगे का सफर पैदल शुरू हुआ। पैदल चढ़ाई कर ऊपर जाकर सपाट मैदान मिला। वास्तव में इसी पाटनुमा सपाट स्थान को मांड बोलते हैं और इस मांड को अबूझमांड कहा जाता है। आगे आदेर की घाटी की ओर बढ़ने का मन बना ही रहा था, पर जानकार मित्रों ने बताया कि आगे बढ़ना सुरक्षित नहीं होगा। अब लगभग तीन बज चुके थे , दिन ढलने से पहले ओरछा लौटना था सो हमने बिना देरी के वापसी की राह पकड़ ली। दो दिनों में बस्तर के इस अबूझ क्षेत्र का परिचय भर हो सका । सच में इसे बूझने के लिए एक बार अबूझमाड़ तो जरूर आए।

## खेल एवं सांस्कृतिक कैलेंडर 2022-23

| खेल | आयोजक | संभावित तिथि | खेल | आयोजक | संभावित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| फुटबाल | कोरबा पूर्व | अंतिम सप्ताह सितम्बर 2022 | व्हालीबॉल | अंबिकापुर | द्वितीय सप्ताह नवम्बर 2022 |
| सांस्कृतिक स्पर्धायें | केन्द्रीय कार्यालय | अंतिम सप्ताह सितम्बर 2022 | क्रिकेट | मड़वा | अंतिम सप्ताह नवम्बर 2022 |
| बैडमिंटन | जगदलपुर | प्रथम सप्ताह अक्टूबर 2022 | कबड्डी | राजनांदगांव | प्रथम सप्ताह दिसम्बर 2022 |
| शतरंज | केन्द्रीय कार्यालय | द्वितीय सप्ताह अक्टूबर 2022 | हॉकी | कोरबा पश्चिम | द्वितीय सप्ताह दिसम्बर 2022 |
| कैरम | रायपुर क्षेत्र | अंतिम सप्ताह अक्टूबर 2022 | पॉवर लिफ्टिंग | कोरबा पश्चिम | अंतिम सप्ताह दिसम्बर 2022 |
| लॉन टेनिस | दुर्ग | प्रथम सप्ताह नवम्बर 2022 | टेबल टेनिस | बिलासपुर | प्रथम सप्ताह जनवरी 2023 |



प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक

# जीवन के कोष्ठक



प्राथमिक शाला से हमारे
जीवन का बड़ा कोष्ठक शुरू हुआ
हमने यहीं से जीवन के ककहरा और
कुदरत के रंगों को छुआ।
अबोध थे लेकिन ये
कोष्ठक ही भविष्य की बुनियाद थी
वो बचपन ही था जिसमें हमारी
निश्छल खुशियां आबाद थी।

फिर शिक्षा के अगले सोपानों पर
सबने अपना-अपना सर्पाकार कोष्ठक बनाया
अपने पंखों को रंग बिरंगे सपनों से सजाया।
हर किसी ने अपने हसरतों को
पाने में जान लगा दी
जितनी मेहनत रही मंजिल मिलने की
उतनी ही हुई मुनादी।

फिर सामाजिक जीवन में
सबका छोटा कोष्ठक
गणित के नियमों सा सबसे प्राथमिक
हालातों के हिसाब से
सबने ढाल लिया अपने को ठीक ठीक।
यहीं सारी खुशियां सपने और जिम्मेदारियां
हमें उलझा रहे हैं
हम सब बड़े कोष्ठक से मिले
विवेक से इन जिम्मेदारियों के
छोटे कोष्ठक को सुलझा रहे हैं।

बस इन जिम्मेदारियों का सुलझना और
छोटा कोष्ठक बंद
फिर इससे मिला हासिल ही
सर्पाकार कोष्ठक की
हमारी खुशियों में जोड़ भाग या गुणा होगा
और यहीं से शुरू होगा वानप्रस्थ
आप सबने तो सुना होगा।

सर्पाकार कोष्ठक का सार ही है
जो बड़े कोष्ठक को हल करेगा
यहीं कुदरत द्वैत को अद्वैत करेगा।
ईश्वर खुलते हुए
बड़े कोष्ठक के सभी साथियों का
आपसी स्नेह बनाये रखना
खुशनुमा हल हो ये समीकरण इतना
विवेक बनाये रखना।।

**संदीप कुमार अग्रवाल**
कार्यालय सहायक श्रेणी-दो
विधि विभाग

# हमारे गौरव

## जेईई में अजितेश प्रदेश में 10वें स्थान पर, श्रीतेश जामुलकर का चयन यूके में



देश के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स में श्री अजितेश जामुलकर ने छत्तीसगढ़ में 10वां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने जेईई मेन्स में 99.46 परसेंटाइल हासिल किया है। जेईई एडवांस में उनका ऑल इंडिया रैंक 2820 है तथा केटेगरी रैंक 47वां है। वे बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-10 के मेधावी छात्र हैं। उन्होंने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं की परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। साथ ही पीसीएम में 300 में से 293 अंक हासिल किये हैं। उनके पिता श्री मधुकर जामुलकर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी दुर्ग के मुख्य अभियंता हैं तथा माता श्रीमती किरण जामुलकर शिक्षिका हैं। श्री जामुलकर के ज्येष्ठ सुपुत्र श्री श्रीतेश जामुलकर उच्च अध्ययन के लिए विदेश रवाना हुए। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर से बीटेक की डिग्री हासिल की है। वे यूनाइटेड किंगडम (यूके) के ट्रीनिटी कालेज इयूब्लिन आयरलैंड के लिए चयनित हुए हैं। वे एमएस इन कंप्यूटर साइंस विषय में अध्ययन करेंगे।



## अभिनीत सिंह राजपूत

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर वितरण कंपनी महासंमुद के कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग में कार्यरत कार्यालय सहायक श्रेणी-एक श्रीमति बसंती ठाकुर के सुपुत्र श्री अभिनीत सिंह राजपूत ने सीबीएससी बोर्ड की कक्षा बारहवीं की परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक हासिल किया। बधाई....

## राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में राज वासनिक ने जीता कांस्य



दुर्ग क्षेत्र के उतई वितरण केंद्र में तकनीशियन वितरण के पद पर कार्यरत श्री राज वासनिक ने 05 से 10 जुलाई 2022 तक हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कास्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य एवं पॉवर कंपनी का नाम रोशन किया है। उन्होंने 105 वजन वर्ग समूह में खेलते हुए स्क्वॉट् में 230 किलोग्राम बेंच प्रेस में 135 किलोग्राम और डेडलिफ्ट में 200 किलोग्राम सहित कुल 565 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

# पदचिन्ह अंकित करने वाला ऐतिहासिक निर्णय

**"कोई चलता पदचिन्हों पर, कोई पदचिन्ह बनाता है, वही सूरमा वीर पुरुष इस दुनिया में पूजा जाता है।"**

छत्तीसगढ़ में ऊर्जा उत्पादन के इतिहास में एक मील का पत्थर और स्थापित हो गया जब माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 25 अगस्त को 1320 मेगावाट के नए पॉवर प्लांट लगाने का निर्णय लिया। वास्तव में यह छत्तीसगढ़ को बरसों बरस तक जीरो पॉवर कट स्टेट बनाए रखने की दिशा में ऐतिहासिक फैसला है।

पॉवर जनरेशन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660-660 मेगावाट के दो सुपर क्रिटिकल नवीन विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाने की कार्ययोजना बनाने पर कार्य प्रारंभ हो गया है।

यह निर्णय इसलिये भी ऐतिहासिक है क्योंकि यह छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का सबसे बड़ा और सबसे आधुनिक संयंत्र होगा। इसकी स्थापना से छत्तीसगढ़ स्टेट जनरेशन कंपनी के स्वयं की विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 4300 मेगावाट हो जाएगी।

राज्य स्थापना के बाद पहली बार इतनी क्षमता का विद्युत संयंत्र स्थापित किया जाएगा। यह माननीय मुख्यमंत्री जी की दूरदर्शिता दर्शाता है। छत्तीसगढ़ की धरती में अकूत खनिज संसाधन हैं। कोयले के भंडार मामले में छत्तीसगढ़ देश में तीसरे नंबर पर है। इन प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग देशभर के पॉवर प्लांट में हो रहा है। परन्तु इसका लाभ इस धरती के निवासियों को नहीं मिल पाता है।

अगर यहां के खनिज संसाधनों से संबंधित उद्योग यहीं स्थापित होते हैं तो यहीं के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलता है। इस फैसले से यहां के निवासियों के लिये रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। संयंत्र की स्थापना से लेकर उसके संचालन के लिये जहां हजारों लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा।

इस संयंत्र की स्थापना अत्याधुनिक तकनीक से की जाएगी, जिसमें बहुत कम प्रदूषण होगा। इससे भविष्य में ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरी हो सकेगी। इस फैसले से प्रदेश में उद्योग से लेकर कृषि क्षेत्र में प्रगति के नए पंख लगेंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति मिलेगी। यह बरसों के लिये नए पदचिन्ह अंकित कर रहा है।



**गोविंद पटेल**
**प्रबंधक (जनसंपर्क)**



# संकल्प को और बेहतर बनाने आपके सुझाव आमंत्रित

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृहपत्रिका का प्रकाशन 2003 से निरंतर किया जा रहा है। परिवर्तन हमेशा किसी भी कृति को बेहतर बनाता है। इसी उद्देश्य को लेकर पिछले सात अंकों में काफी कुछ परिवर्तन किये गए हैं, ताकि पॉवर कंपनी की उपलब्धियों की अधिक से अधिक जानकारी इसमें समाहित की जा सके और अपने कर्मियों तक उन्हें पहुंचाया जा सके। उम्मीद है आपको इन सुधारों को अनुभव हुआ होगा। हम गृहपत्रिका के वितरण व्यवस्था में भी काफी सुधार कर रहे हैं, ताकि यह समय पर आप सभी तक पहुंच सके।

गृहपत्रिका में कंपनी के प्रगति की सूचना, गतिविधियों व अन्य योजनाओं इत्यादि के बारे में जानकारी दी जाती है। हम आने वाले समय में संकल्प में और भी बदलाव करना चाहते हैं, ताकि यह हर कर्मचारी के लिए उपयोगी हो सके। इसके लिए आप सभी से सार्थक सुझाव आमंत्रित हैं। साथ ही गृह पत्रिका अधिकारी-कर्मचारियों के लेखन, साहित्य, तकनीकी साहित्य को प्रोत्साहित करने का भी जरिया होता है। हम आप सभी से सृजनात्मक लेख भी आमंत्रित करते हैं। इसके अलावा एक कॉलम आपके पत्र भी प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें समीक्षात्मक एवं बेहतर सुझावों वाले उत्कृष्ट पत्रों को नाम सहित प्रकाशित किया जाएगा।

आप हमें procsphcl@gmail.com पर मेल कर सकते हैं या कार्यालय प्रबंधक (जनसंपर्क) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी, डगनिया रायपुर के पते पर भी प्रेषित कर सकते हैं। धन्यवाद

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी, रायपुर**
Phone : 0771-2574702 | Website: www.cspc.co.in